| दिनांक 29.09.2024 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 37/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद इटावा/थाना बसरेहर**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट का 01 आटो, 01 मोबाइल फोन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 28/29.09.2024 को थाना बसरेहर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रिटौली पुलिया के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–अंकित उर्फ सीपू घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–विवेक उर्फ मन्टू सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट का 01 आटो, 01 मोबाइल फोन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 19.09.2024 को थाना बसरेहर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बसरेहर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आटो, मोबाइल फोन आदि उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बसरेहर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अंकित उर्फ सीपू निवासी ग्राम रमायन थाना भरथना जनपद इटावा।

2–विवेक उर्फ मन्टू निवासी तिर्वागंज थाना तिर्वा जनपद कन्नौज।

**बरामदगी**

1—लूट का 01 आटो, 01 मोबाइल फोन।

2—02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

**जनपद महोबा/थाना कबरई**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 12 लाख रूपये कीमत के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (अजना)**
- **मोबाइल टॉवर पर चढ़ने व डिवाइस खोलने के उपकरण**
- **घटना में प्रयुक्त 01 स्कॉर्पियो वाहन आदि बरामद**

दिनांक 29.09.2024 को थाना कबरई व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर छंगा तिराहे के पास से 04 अभियुक्तों 1—अलफजल 2—रवि 3—पुष्पेन्द्र 4—उमेश को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 12 लाख रूपये कीमत के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (अजना), मोबाइल टॉवर पर चढ़ने व डिवाइस खोलने के उपकरण, घटना में प्रयुक्त 01 स्कॉर्पियो वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना कबरई क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कबरई पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद इलेक्टॉनिक डिवाइस आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कबरई पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अलफजल निवासी भटीपुरा थाना कोतवाली जनपद महोबा।

2—रवि निवासी नौकानापुरा थाना कोतवाली जनपद महोबा।

3—पुष्पेन्द्र निवासी नौकानापुरा थाना कोतवाली जनपद महोबा।

4—उमेश निवासी देवेन्द्रपुरी थाना मोदीनगर कमिश्नरेट गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–लगभग 12 लाख रूपये कीमत के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (अजना)।

2–मोबाइल टॉवर पर चढ़ने व डिवाइस खोलने के उपकरण।

3–घटना में प्रयुक्त 01 स्कॉर्पियो वाहन आदि।

## जनपद बदायूं/थाना सिविल लाइन

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 15 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 29.09.2024 को थाना सिविल लाइन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम भगवतीपुर भट्टे के पास से अभियुक्त 1–नरेश 2–प्रमोद 3–दीप को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 15 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त नरेश के विरूद्ध जनपद बदायूं, कासगंज, अलीगढ़, एटा के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 11 अभियोग एवं अभियुक्त प्रमोद व दीप के विरूद्ध जनपद बदायूं, कासगंज, हाथरस व एटा के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 10–10 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सिविल लाइन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नरेश निवासी ग्राम हसनपुर थाना गंगीरी जनपद अलीगढ़, हालपता कस्बा व थाना बिल्सी जनपद बदायूं।

2–प्रमोद निवासी ग्राम गौसपुर थाना गंगीरी जनपद अलीगढ़।

3–दीप निवासी ग्राम रोशननगर थाना सहावर जनपद कासगंज

**बरामदगी**

1–चोरी की 15 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद खीरी/थाना फूलबेहड़**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण**
- **चोरी के 06 हजार रूपये नगद, मोबाइल फोन आदि बरामद**

दिनांक 29.09.2024 को थाना फूलबेहड़ पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम अंदेशनगर मेन रोड़ के पास से अभियुक्त छोटकन्न को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण, चोरी के 06 हजार रूपये नगद, मोबाइल फोन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना फूलबेहड़ क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना फूलबेहड़ पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे।

इस सम्बन्ध में थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–छोटकन्न निवासी ग्राम टापरपुरवा थाना पढुआ जनपद खीरी।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

2–चोरी के 06 हजार रूपये नगद, मोबाइल फोन आदि।

**जनपद बुलन्दशहर/थाना कोतवाली नगर**

- **09 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 12 मोटर साइकिल**
- **चोरी की 04 मोटर साइकिल के इंजन व पार्टस आदि बरामद**

दिनांक 29.09.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एयूएस पब्लिक स्कूल के पास से अभियुक्त 1–जयन्त उर्फ जयकुमार 2– रितिक

3–मोहित 4–विजय कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशादेही पर अभियुक्त 5–पिन्टू 6–अभिषेक 7–आदित्य 8–सौरभ 9–तरुण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 12 मोटर साइकिल एवं 04 मोटर साइकिल के इंजन व पार्टस आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो अलग–अलग राज्यो से मोटर साइकिल चोरी कर ग्राहक मिलने पर बेच देते है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जयन्त उर्फ जयकुमार निवासी बहलीमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

2–रितिक निवासी बहलीमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

3–मोहित निवासी बहलीमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

4–विजय कुमार निवासी बहलीमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

5–पिन्टू निवासी बहलीमपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

6–अभिषेक निवासी पुलिया रीलखा थाना दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर।

7–आदित्य निवासी रौण्डा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर।

8–सौरभ निवासी अच्छेजा थाना दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर।

9–तरुण निवासी मोहनकुटी थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 12 मोटर साइकिल।

2–04 मोटर साइकिल के इंजन व पार्टस आदि।

## कमिश्ररेट गाजियाबाद/थाना शालीमार गार्डन

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 55 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 02 किलो 40 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनांक 28.09.2024 को थाना शालीमार गार्डन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 80 फुटा कट वजीराबाद रोड के पास से अभियुक्त मनीष

को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 55 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 02 किलो 40 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना शालीमार गार्डन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मनीष निवासी ग्राम केन्दुआ थाना गिधहोर जनपद चतरा झारखण्ड।

**बरामदगी**

1—लगभग 55 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 02 किलो 40 ग्राम अवैध अफीम।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सूरजपुर

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 10 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 29.09.2024 को थाना सूरजपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुराना कासना रोड़ के पास से अभियुक्त 1—अंकित 2—मोनू 3—धर्मेन्द्र को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 10 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त मोनू के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी एक्ट आदि के 08 अभियोग, अभियुक्त धर्मेन्द्र के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग एवं अभियुक्त अंकित के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना सूरजपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अंकित निवासी हरसिंहपुर थाना मानिक चौक जनपद सीतामणि बिहार, हालपता सोलंकी होलट के पास कस्बा व थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–मोनू निवासी कस्बा व थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

3–धर्मेन्द्र निवासी ग्राम लवाहारी थाना हजरतपुर जनपद बदायूं, हालपता कस्बा व थाना सूरजपुर कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 10 मोटर साइकिल आदि।

**जनपद सोनभद्र/थाना चोपन**

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 12 लाख रूपये कीमत के 76 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा**
- **अवैध माल बिक्री के 65 हजार 500 रूपये नगद**
- **05 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 01 कार आदि बरामद**

दिनांक 28.09.2024 को थाना चोपन व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर परासपानी चोरपनिया जंगल मोड़ के पास से 03 अभियुक्तों 1–श्रीराम साहू 2–परिक्षित 3–चिंतामणि को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 12 लाख रूपये कीमत के 76 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा, अवैध माल बिक्री के 65 हजार 500 रूपये नगद, 05 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 01 कार आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना चोपन पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–श्रीराम साहू निवासी ग्राम ऐंलापाली टाटर किला थाना बाउनसुनी जनपद बौद्ध उड़ीसा।

2–परिक्षित निवासी ग्राम बुरामाल थाना बाउनसुनी जनपद बौद्ध उड़ीसा।

3–चिंतामणि निवासी ग्राम ऐंलापाली टाटर किला थाना बाउनसुनी जनपद बौद्ध उड़ीसा।

**बरामदगी**

1–लगभग 12 लाख रूपये कीमत के 76 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा।

2–अवैध माल बिक्री के 65 हजार 500 रूपये नगद।

3–05 मोबाइल फोन।

4–घटना में प्रयुक्त 01 कार आदि।

———————